महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ से धीरे-धीरे विदा हो रहा मानसून

रायपुर 30 सितंबर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में करीब एक सप्ताह तक मानसूनी गतिविधियां और सक्रिय रह सकती हैं। इसके बाद मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। आमतौर पर छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत के साथ हो जाती है। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अभी भी मानसूनी गतिविधियां सक्रिय हैं। राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को अच्छी वर्षा रिकार्ड की गई है। बात करें राजधानी रायपुर की तो यहां शुक्रवार सुबह 11.30 बजे के आसपास करीब आधे घंटे के लिए तेज बारिश हुई। इधर जानकारों की माने तो प्रदेश के कई इलाकों में अभी भी मानसूनी गतिविधियां जारी हैं। राज्य के अलग-अलग इलाकों व क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकार्ड की जा रही है। इसके अलावा आसमान में भी हल्के से मध्यम बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों तक अभी मानसूनी गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके बाद यह धीरे-धीरे कम होती जाएगी। छत्तीसगढ़ में अब मानसून विदाई की बेला में है। आमतौर पर छत्तीसगढ़ से 15 अक्टूबर के बाद मानसूनी गतिविधियां समाप्त हो जाती हैं। लेकिन इस बार मानसून वापसी को लेकर अब तक कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। इससे माना जा रहा है कि अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में प्रदेश से मानसून विदा हो जाएगा।

अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर से

रायपुर (आरएनएस)। आईडीवाइएम फाउंडेशन द्वारा अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का शुभारंभ इसरो के संयुक्त तत्वाधान में जोरा में सुबह 2 अक्टूबर को 10.30 से शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रयान -3 के वैज्ञानिक एवं इसरो के वरिष्ठ अधिकारी पीडी मिश्रा करेंगे। उक्त अभियान में प्रदेश के समस्त निजी एवं सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान में रूचि जगाने के उद्देश्य से अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। 2 अक्टूबर के कार्यक्रम का समापन दोपहर ढाई बजे होगा। उक्त जानकारी आईडीवाईएम फाउंडेशन के अध्यक्ष रत्नेश मिश्रा एवं मानवी धवन ने दिया। पत्रकारवार्ता में मिश्रा ने बताया कि उक्त अभियान का समापन 36 दिनों की प्रदर्शनी के जरिए सडक़ मार्ग से यात्रा करते हुए 7 नवंबर को समाप्त होगा। उक्त अभियान में आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा।

आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले वाहन चालकों खिलाफ कार्यवाई

रायपुर (आरएनएस)। आजाद चौक पुलिस ने आम रोड पर वाहन खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार जीत टावर के सामने जीई रोड में खड़ी कार के चालक राजेश शिव हरे 33 वर्ष, कार क्रमांक एमएच 40 केआर 8325 के चालक मुदसर परवेज व कार क्रमांक सीजी 04 एमपी 6528 के चालक अभिनव प्रतीक के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ देश में सामाजिक न्याय का मॉडल - मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। देशभर में छत्तीसगढ़ आज सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा मॉडल बन चुका है। हमने प्रदेश में सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई है। किसानों, आदिवासियों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में इंडिया टूडे द्वारा आयेजित ''स्टेट ऑफ द स्टेट छत्तीसगढ़ फस्ट'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं क्योंकि मेहनतकश को उसकी मेहनत के अनुरूप पैसा मिल रहा है और वह खुशी-खुशी प्रदेश को गढऩे तथा आगे बढ़ाने में स्वत: स्फूर्त होकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नक्सलियों का दायरा सिमट गया है।

पीएम मोदी ने कहा : छत्तीसगढ़ की जनता का सपना अब मोदी का संकल्प, कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन से जनता त्रस्त

❒ अपार भीड़ इस बात का प्रमाण जनता चाहती है परिवर्तन

❒ छग के विकास के लिए केन्द्र ने नहीं की कोई कमी

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की न्यायधारी बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। इस दौरान विशाल सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होना तय है। अपार भीड़ को देख प्रसन्नचित नजर आए पीएम मोदी ने कहा कि ये जो उत्साह यहां दिख रहा है, ये परिवर्तन का उद्घोष है। कांग्रेस सरकार के अत्याचारों से त्रस्त छत्तीसगढ़ की जनता कह रही है, अउ नइ सहिबो बदल के रहिबो। छत्तीसगढ़ की जनता आकंठ भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त है। रोजगार के नाम पर सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। इसलिए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हटाने और भाजपा को लाने के लिए आप लोग पूरी तरह तैयार हैं। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा की सरकार चाहे केंद्र में हो या राज्य में, पूरी तरह समर्पित रही है। आज मैं आपको ये गारंटी देने के लिए आया हूं कि आपके हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। आपका सपना मोदी का संकल्प है।

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली से मैं जितनी कोशिश करूं यहां कि कांग्रेस सरकार उसको फेल करने में जुटी रहती है। पिछले पांच साल में केंद्र से छत्तीसगढ़ को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। यहां सडक़ हो, रेल हो, बिलजी हो, यहां के विकास के लिए मैंने पैसों की कोई कमी नहीं होने दी और ये बात मैं नहीं, बल्कि यहां के कांग्रेस सरकार के उपमुख्यमंत्री का कहना है। इसलिए यहां भाजपा की सरकार जरूरी है। जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी तो रेलवे के लिए वर्ष में औसतन 300 करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ को मिलता था। लेकिन इस साल भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में रेलवे के विस्तार के लिए 6000 करोड़ रुपए दिए हैं। ये है मोदी मॉडल, ये है छत्तीसगढ़ के लिए मोदी का प्रेम। हम चाहते हैं यहां बड़ी संख्या में तेज गति से चलने वाली ट्रेनें चल सकें। आप सभी को सुविधा हो। ये भाजपा सरकार ही है जिसने छत्तीसगढ़ को आधुनिक वंदे भारत ट्रेन भी दी है।

सपने पूरे करने की गारंटी- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं आपको एक गारंटी देने के लिए आया हूं। यहां के हर सपने को पूरा करने में मोदी कोई कसर बाकी नहीं रखेगा। आप लिख लीजिए। यह मोदी की गारंटी है। आपका सपना मोदी का संकल्प है। छत्तीसगढ़ के हर परिवार का सपना तभी साकार होगा, जब छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार होगी। दिल्ली से कितनी भी कोशिश करूं, यहां की कांग्रेस सरकार उसको फेल करने में डटी रहती है। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से हजारों करोड़ों रुपए मिला है। रेल हो, बिजली हो, विकास के दूसरे कार्य हों, छत्तीसगढ़ के लिए, आपके लिए पैसे की कोई कमी नहीं रखी।

सिंहदेव ने सच कहा तो कांग्रेस में तूफान आ गया- प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि यहां के उपमुख्यमंत्री जी ने सार्वजनिक तौर पर सच बोल दिया कांग्रेस पार्टी में नीचे से ऊपर तक तूफान खड़ा हो गया। सार्वजनिक जीवन में हकीकतों को छुपाया नहीं जा सकता। अगर कांग्रेस के ही नेता, सरकार के उपमुख्यमंत्री सबके सामने कहते हैं कि दिल्ली कभी अन्याय नहीं करती, तो फिर हर एक को खुशी होनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस में तूफान मच गया। भारत सरकार ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रुपए के अधोसंरचना विकास के कार्य मंजूर किए। पैसे भेजे। कांग्रेस सरकार की वजह से सब काम रुके हुए हैं या बहुत देरी से चल रहे हैं। अगर कांग्रेस सरकार दोबारा यहां आई तो छत्तीसगढ़ का भला नहीं होगा। यहां के युवा का भला नहीं होगा। यहां के गरीबों का भला नहीं होगा। यहां की महिलाओं का भला नहीं होगा।

झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद राजेश ध्रुव पार्थिव शरीर पहुंचा गरियाबंद

गरियाबंद (आरएनएस)। झारखंड में आईडी ब्लास्ट में शहीद गरियाबंद जिले के सीआरपीएफ आरक्षक शहीद राजेश ध्रुव का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह गरियाबंद पहुंचा।इस अवसर पर नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक में नगरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने राजेश ध्रुव की शहादत को नमन करते हुए राजेश ध्रुव अमर रहे के नारे लगाए।

ज्ञात हो कि बुधवार को झारखंड के पश्चिम सिंह भूम जिला में हुए आईडी बम ब्लास्ट में जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली के रहने वाले सीआरपीएफ जवान राजेश ध्रुव शहीद हो गए।राजेश,कोबरा बटालियन में आरक्षक थे।शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली लाया गया।इसके पहले पार्थिव शरीर गरियाबंद पहुंचा।वही शनिवार को नगर के लोगो को जैसे ही राजेश के पार्थिव शव के आने की सूचना मिली लोग बड़ी में संख्या में स्वत: ही तिरंगा चौक में एकजुट हो गए।लोगों ने राजेश का शव का पहुंचे ही वाहन में पुष्प वर्षा की।दर्शन किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इसके आदिवासी समाज ने भी सहित राजेश ध्रुव को तिरंगा चौक में श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान काफिले का कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू,एसडीएम भूपेंद्र साहू सहित सीआरपीएफ की टीम अगुवाई की।रायपुर से ही वे साथ में गरियाबंद पहुंचे, यहां से छुरा रवाना हुए।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आबिद ढेबर ने कहा की जिले के लिए यह गर्व की बात है कि देश की सच्ची सेवा करते हुए जवान ने अपने प्राणों की आहुति दे दी।हम सब उनके बलिदान को नमन करते है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि देश शहीद जवान की शहादत को हमेशा याद रखेगा।वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद ऋतिक सिन्हा ने कहा कि गरियाबंद की धरती ने अनेक वीर सपूतों को जन्म दिया है।देश के लिए बलिदान से भी पीछे नहीं हटते,राजेश उनमें से एक है।चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने कहा की आज गरियाबंद जिले ने अपने वीर सपूत को खोया है,उन्होंने अपने सच्ची देशभक्ति और बलिदान से गरियाबंद का नाम पूरे देश में रोशन किया है। हम सब उनके मृतात्मा के शांति प्रार्थना करते हैं। राजेश ध्रुव सदैव अमर रहे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरीश भाई ठक्कर,विनय दासवानी,विजय सिन्हा,सागर मयाणी,शिव भीलेपारिया,प्रतीक सिंग,निरंजन प्रधान,दिलीप सिंहा,आरिफ मेमन,मुकेश पाण्डेय,छगन यादव,अफरोज मेमन,क्षितिज गुप्ता,अवनीश तिवारी सहित बड़ी नगरवासी उपस्थित थे।

जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे का हुआ सफल ऑपरेशन

दुर्ग (आरएनएस)। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मरीज तोषन चुरेन्द्र उम्र 09 वर्ष जो कि काकरेल जिला बालोद का निवासी है। आँखो की समस्या के ईलाज के लिये विगत 26 सितम्बर 2023 को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर किया गया था, डॉ. कल्पना जैफ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि मरीज को बाये आँख से बिल्कुल नहीं दिखता था, मरीज की प्रारंभिक जाँच के बाद पाया गया कि मरीज जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित था।

मरीज की सर्जरी 27 सितम्बर 2023 को जिला नोडल अधिकारी डॉ. संगीता भाटीया के नेतृत्व में नेत्र सर्जन डॉ. कल्पना जैफ एवं डॉ. तरुण वशिष्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गयी जिसमें नेत्र सहायक अधिकारियों शत्रुहन सिन्हा, माया लहरे, दुर्गा सिन्हा, विवेक सोनी एवं आशा ब्रहमभट्ट ओटी नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम द्वारा विशेष योगदान दिया गया। जब मरीज अस्पताल आये थे तब उनका विजन 3/60 था सर्जरी के बाद मरीज का विजन 6/6 हुआ है। अब मरीज बाये आँख से भी पूरी तरह से देख पा रहा है।

झोलाछाप डॉक्टर की भेंट चढ़ी महिला, इलाज कराने पहुंची और इंजेक्शन लगाने के बाद हो गई मौत

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक महिला की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण हो गई। जिले के नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाने के बाद महिला तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान किरन ताम्रकार के रूप में हुई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर फरार है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हाईबंद के रहने वाले राकेश ताम्रकार पत्नी किरन ताम्रकार के साथ गुरुवार की शाम करीबन चार बजे नैला रेलवे स्टेशन पर बने गणेश की मूर्ति देखने आए हुए थे। गणेश भगवान के दर्शन कर अपने घर जा रहे थे तभी किरन ने अपने पति को बुखार होने की जानकारी दी। जिसके बाद वे दोनो नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर सुनील प्रधान के क्लीनिक गए और इंजेक्शन लगवा लिया। इंजेक्शन लगाने के बाद किरन की तबीयत खराब होने लगी तभी उसे उपचार के लिए जि ला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

लग्जरी कार से गांजे की तस्करी, 26 किलो गांजा जब्त

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा है। लग्जरी कार में शख्स गांजे की तस्करी कर रहा था। तस्कर के कब्जे से 26 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 02 लाख 60 हजार रुपए एवं तस्करी में प्रयुक्त कार जप्त को जब्त किया गया। मामला जिले के तुमला थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

दरअसल नशे का कारोबार करने वालों के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा त्वरित एवं लगातार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में जिले के थानाचौकी प्रभारियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। तुमला पुलिस ने डीआईजी व एसएसपी जशपुर डी. रविशंकर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की है। ओडिशा से बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी कर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी कर रहे आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि टिकलीपारा का भुनेश्वर यादव कार में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा लेकर आ रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने तुमला तिराहा रोड में नाकाबंदी कर कार को रोककर कार की चेंकिग की। चेकिंग के दौरान कार से 26 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बरामद गांजे के साथ ही आरोपी को गीरिफ्तार कर लिया है।

फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरण मामले में मेसर्स गुरुनानक सेल्स के संचालक को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

रायपुर (आरएनएस)। फर्जी इनवॉइस के मामले में सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर ने मेसर्स गुरुनानक सेल्स के संचालक अनुष गंगवानी को गिरफ्तार कर शनिवार को अदालत में पेश किया। जहां सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया।

मामले में सीजीएसटी रायपुर आयुक्त मो अबू सामा ने बयान जारी कर बताया कि फर्जी इनवॉयसिंग रैकेट की जांच के दौरान सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर के फेक इनवॉइस सेल के अधिकारियों पाया कि दलदल सिवनी निवासी मेसर्स गुरुनानक सेल्स के मालिक अनुष गंगवानी कुछ फर्जी फर्म बना कर बिना किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी आईटीसी को रायपुर और आस-पास के विभिन्न व्यवसायियों को वितरित कर रहा है। फेक इन्वाइस सेल की टीम ने इस आधार पर अनुष गंगवानी के परिसर पर छापा डाल कर तलाशी ली। जांच से पता चला कि अनुष गंगवानी कुल 5 फर्मों का संचालन कर रहा था, जिनके माध्यम से उसने बिना किसी अंतर्निहित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के तथा बिना जीएसटी के भुगतान के विभिन्न करदाताओं को 5.53 करोड़ रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित की हुई थी।

अनुष गंगवानी को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69(1) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम ने 29 सितंबर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

निशुल्क आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 56 हृदय मरीज हुए लाभान्वित

कोरबा (आरएनएस)। 29 सितंबर विश्व हृदय दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम न्यूज हार्ट, नो हार्ट इज ओपन-इन्डेड अर्थात हृदय का उपयोग करें हृदय को जानें जो खुला हुआ है, पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत दिनांक 29 सितंबर 2023 शुक्रवार को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सभी प्रकार के हृदय रोगों हेतु नि:शुल्क आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 56 मरीज लाभान्वित हुये।

शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान कर रहे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ नागेंद्र नारायण शर्मा ने गतिहीन जीवनशैली को हृदय रोग सबसे बड़ा कारण बताया, साथ ही उन्होंने हृदय रोगों से बचाव हेतु ओवरइटिंग, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, मद्यपान एवं धूम्रपान से परहेज करने को कहा। साथ ही उन्होंने सडन कार्डियक अरेस्ट हृदयाघात के बारे मे बताते हुये कहा की सडन कार्डियक अरेस्ट हृदयाघात कभी भी किसी को भी कहीं भी आ सकता है। जिसमें अधिकांश केस में सीपीआर थेरेपी सावित्री आसन के माध्यम से जीवन रक्षा में सफ़लता प्राप्त हुई है। सडन कार्डियक अरेस्ट हृदयाघात से जीवन रक्षा हेतु सावित्री आसन, सीपीआर थेरेपी की जानकारी एवं विशेष प्रशिक्षण चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के सदस्य नेत्र नंदन साहू ने दिया। उन्होंने प्रशिक्षण देने के साथ साथ सभी से अपील की वे सभी इस सावित्री आसन, सीपीआर थेरेपी के बारे मे और लोगों को भी बतायेंगे जिससे सडन कार्डियक अरेस्ट हृदयाघात में प्राथमिक उपचार के रूप मे इसका उपयोग कर जीवन की रक्षा की जा सके। शिविर में समस्त प्रकार के हृदय रोगों के लिये उपयोगी एवं हृदय को मजबूती प्रदान करने वाला अर्जुन क्षीर क्वाथ भी निशुल्क पिलाया गया। शिविर में हृदय रोगियों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिक भी निशुल्क प्रदान की गई। शिविर में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव चिकित्सक वैद्य डॉ नागेन्द्र नारायण शर्मा,लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के सदस्य प्रतिभा शर्मा, नेत्रनंदन साहु, अश्वनी बुनकर, नीतेश गोस्वामी, अरुण मानिकपुरी, कमल धारीया, चक्रपाणि पांडे, तोरेंद्र सिंह, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, स्नेहा मिश्रा एवं हर्ष नारायण शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।